*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**संविधान दिवस पर एनएसएस इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं चकफेरी कॉलोनी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग में संविधान शपथ के साथ हुई, जिसमें विभाग की प्राध्यापक डा. अदिति वत्स, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या रानी, डा. संज्ञा, भाव्या, श्रीमती मंजू, ममता सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बी.एससी. (ऑनर्स) कम्यूनिटी साइंस तृतीय वर्ष के एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर से होते हुए चकफेरी कॉलोनी तक जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने संविधान के महत्व, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से संबंधित नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। चकफेरी कॉलोनी में स्वयंसेवकों ने समुदाय के लोगों एवं बच्चों को संविधान शपथ दिलाई तथा उन्हें भारतीय संविधान, उसके मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में संविधान संबंधी तैयार किए गए लीफलेट एवं पर्चे भी वितरित किए गए। एनएसएस स्वयंसेवकों ने संविधान दिवस पर डिजिटल पोस्टर भी तैयार किए, जिन्हें विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया गया, ताकि व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई जा सके। यह कार्यक्रम न केवल समुदाय में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे छात्रों में नागरिक जिम्मेदारी, सामाजिक सहभागिता और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना भी और अधिक मजबूत हुई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भूमिका, अनुशासन और समर्पण से कार्यक्रम को सफल बनाते हुए 'सेवा ही संगठन' की भावना को सच्चे अर्थों में निभाया।

